सिंचाई और विद्युत् मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री अलगेसन) : (क) से (ग) तक. मध्य प्रदेश की तीसरी पांचसाला योजना में नीचे लिखीं छह 'स्पिल-ओवर' स्कीमें शामिल हैं :

क्रम सं०	स्कीम का नाम	अनुमित लागत	तीसरी योजना में की गई व्यवस्था
		(लाख रुपयों में)	
१.	शिवना सिंचाई और बाढ़-रोक स्कीम (अनुसन्धान और सर्वे के लिए ही)	२.००	२.००
२.	मध्य प्रदेश की कई जगहों पर बारिश मापक लगाना	२.६३	१.००
३.	नदी-मापक लगाना	२.५०	२.००
४.	गैज-निकासी और तलछट-निरीक्षक केन्द्रों की स्थापना	३.००	२.००
५.	गैज और पानी-निकास-निरीक्षक केन्द्रों की स्थापना	२.००	२.००
६.	होशंगाबाद में नर्मदा नदी के सेठानी घाट पर बाढ़-रोकथाम के काम	१०.३१	७.००
	कुल	२२.४४	१६.००

नई स्कीमों का ब्यौरा राज्य सरकार से अभी नहीं आया । इन स्कीमों के लिए तीसरी योजना में ४ लाख रुपए की व्यवस्था है ।

मध्य प्रदेश के गांवों में बिजली लगाना

३२४५. श्रीमती जमुना देवी : क्या **सिंचाई और विद्युत्** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) द्वितीय पंचवर्षीय योजना काल में मध्य प्रदेश सरकार को ग्राम विद्युतीकरण के लिए कितना धन दिया गया ;

(ख) राज्य में इस बीच कितने गांवों का विद्युतीकरण किया जा चुका है ;

(ग) तृतीय योजना में कितने और गांवों में बिजली पहुंचाने की योजना है; और

(घ) उसके लिए कितने धनराशि निर्धारित की गई है ?

सिंचाई और विद्युत् मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री अलगेसन) : (क) दूसरी पांचसाला योजना के अरसे में, गांवों में बिजली लगाने के खास उद्देश्य को ही सामने रख कर राज्य सरकार को कोई राशि नहीं दी गई ।

(ख) दूसरी योजना खत्म होते-न-होते ४३६ गांवों में बिजली लग चुकी थी ।

(ग) लगभग १,००० गांवों में ।

(घ) ७.६८ करोड़ रुपए ।

Lift Irrigation in Hilly Areas

3246. Shri Hem Raj: Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state:

(a) the names of the States in which schemes for lift irrigation, especially in hilly areas, have been taken up during the Third Five Year Plan period; and

(b) the money provided for such schemes during the Third Five Year Plan?

The Deputy Minister in the Ministry of Food and Agriculture (Shri A. M. Thomas): (a) and (b). The required information is being collected from the State Governments and